भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0

गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ

E.Mail :upscoutsguides@yahoo.comWebsite : www.upbsg.org

पत्रांक–टी0एस0–64 / विविध / सर्वोत्तम कैडेट / 2079 / 2023–24 दिनांक–05 अक्टूबर,2023

प्रेषक,

प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट)
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।

सेवा में,

समस्त जिला मुख्यायुक्त,
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।

विषयः–सर्वोत्तम कैडेट रैली के आयोजन के सम्बन्ध में ।

महोदय / महोदया,

कृपया इस कार्यालय के पत्रांक–टी0एस0–64 / विविध / सर्वोत्तम कैडेट / 09 / 2023–24 दिनांक–01,अप्रैल,2023,पत्रांक–टी0एस0–64 / विविध / सर्वोत्तम कैडेट / 197 / 2023–24 दिनांक–29, अप्रैल, 2023, पत्रांक–टी0एस0–64 / विविध / सर्वोत्तम कैडेट / 689 / 2023–24 दिनांक–22, जुलाई,2023,पत्रांक–टी0एस0–64 / विविध / सर्वोत्तम कैडेट / 799 / 2023–24 दिनांक 08,अगस्त,2023 एवं टी0एस0–64 / विविध / सर्वोत्तम कैडेट / 900 / 2023–24 दिनांक 23 अगस्त,2023 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके अनुसार उपरोक्त विषयक रैली के सम्बन्ध में जनपद स्तर पर पंजीकरण की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर,2023 तक निर्धारित की गयी थी। परन्तु इस तिथि तक केवल जनपद लखनऊ के 55 प्रतिभागियों का पंजीकरण शुल्क प्रादेशिक मुख्यालय को प्राप्त हुआ।

दिनांक 01.10.2023 को प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय द्वारा इस स्थिति की समीक्षा करते हुए निम्नवत् निर्देश निर्गत किये जाने का निर्णय लिया गया :–

❖ **जनपद स्तर पर पंजीकरण की अन्तिम तिथि 15 अक्टूबर,2023 होगी। इस तिथि के पश्चात् पंजीकरण हेतु आवेदन अर्ह नही होगें।**

पंजीकरण की तिथि 30 सितम्बर,2023 तक निर्धारित करने का उद्देश्य यह था कि प्रतियोगिता हेतु निर्धारित विषयों में पंजीकृत प्रतिभागियों को तैयारी हेतु समुचित समय मिल जाय ताकि जब जिले की रैली हो तो वह पंजीकरण प्रतिभागी अपने चयन के लिए अपने समस्त विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। अगर इनका चयन रैली के दिन बिना किसी तैयारी के किया जायेगा तो प्रतियोगिता का उद्देश्य विफल हो जायेगा ।

(क)– यह आवश्यक है कि रैली के काफी समय पूर्व प्रतियोगिता हेतु कब / बुलबुल / स्काउट / गाइड / रोवर / रेंजर चिन्हित कर उनका पंजीकरण करा लिया जाय।

(ख)– इस प्रकार पंजीकृत कब / बुलबुल / स्काउट / गाइड / रोवर / रेंजर को निर्धारित छः विषयों में तैयारी करने / प्रशिक्षण देने हेतु एक योग्य प्रशिक्षित स्काउटर / गाइडर को नोडल बना दिया जाय जो प्रतिदिन अभ्यर्थियों की तैयारी कराएं।

(ग)– नोडल का यह दायित्व होगा कि वह प्रतियोगिता के स्वरूप व नियम आदि के बारे में प्रतिभागियों को समुचित जानकारी दे इस हेतु मुख्य रैली के पूर्व तैयारी प्रतियोगिता करा ली जाय।

पृष्ठ....2

(घ)– उपयुक्त रहेगा कि प्रतियोगिता यूनिफार्म में करायी जाय।

अगर जनपद यह उचित समझे तो रैली के अतिरिक्त अपने स्तर से समस्त प्रतिभागियों की पृथक से प्रतिभगिता आयोजित करके उपयुक्त अभ्यर्थियों का चयन करते हुए प्रदेश को अवगत कराएं।

साराशतः यह पुनः स्पष्ट करना है कि सर्वोत्तम कैडेट रैली में जनपद स्तर पर पंजीकरण का कार्य प्रत्येक दशा में 15 अक्टूबर,2023 तक पूर्ण करते हुए सूची एवं निर्धारित शुल्क प्रदेश मुख्यालय को उपलब्ध करा दे एवं 20 नवम्बर,2023 तक जनपदीय रैली का आयोजन कर चयनित अभ्यर्थियों का परिणाम 30 नवम्बर,2023 तक उपलब्ध करा दे, जिससे माह दिसम्बर में प्रादेशिक प्रतियोगिता आयोजित की जा सके।

पुनः स्मरण दिलाना है कि इस सत्र में जनपद रैलियों का आयोजन पूर्व की भॉतिं ही होगा जिसमें पूर्व में निर्धारित विषयों के स्थान पर सर्वोत्तम कैडेट रैली हेतु विषय ही लागू होगें अर्थात् सर्वोत्तम कैडेट रैली के विषयों पर ही जनपदीयं रैली का आयोजन होगा।

प्रतिभागिता हेतु मूल्यांकन प्रपत्र अन्य आवश्यक नियम नियमावली शीघ्र ही प्रेषित किया जायेगा।

भवदीय,

5/10/23

(अरविन्द कुमार श्रीवास्तव)
प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट)

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. प्रादेशिक मुख्यायुक्त, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
2. महानिदेशक स्कूल शिक्षा (बेसिक एवं माध्यमिक)उ0प्र0।
3. शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) उ0प्र0।
4. शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0।
5. समस्त प्रादेशिक आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
6. प्रादेशिक सचिव, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
7. प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
8. मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक,उ0प्र0।
9. समस्त सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0।
10. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,उ0प्र0।
11. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,उ0प्र0।
12. समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।

5/10/23

(अरविन्द कुमार श्रीवास्तव)
प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट)